Number of Pages in Booklet : **28**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : **70**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

380695

# Sociology

## Subject Code/विषय कोड : 38

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..............................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..............................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..............................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..............................................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..............................................

Time/समय : **75** Minutes/मिनिट्स

Maximum Marks/पूर्णांक : **70**

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to general aptitude while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश: (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

## Space for Rough Work
## कच्चे कार्य के लिए स्थान

1. Richter Scale is used to measure :

(a) Density of Liquid

(b) Intensity of Earthquakes

(c) Velocity of wind

(d) Humidity

2. The Director of the film "The Reluctant Fundamentalist" is :

(a) Mira Nair

(b) Anurag Kashyap

(c) Ram Gopal Verma

(d) Shekhar Kapoor

3. The poem 'Madhushala' is penned by :

(a) Nirala

(b) Harivansh Rai Bachchan

(c) Rangey Raghav

(d) Shivaji Sawant

1. रिक्टर पैमाने से क्या मापा जाता है ?

(अ) द्रव का घनत्व

(ब) भूकंप की तीव्रता

(स) वायु की गति

(द) आर्द्रता

2. फिल्म 'द रिलक्टेंट फन्डामेंटलिस्ट' के निर्देशक हैं :

(अ) मीरा नायर

(ब) अनुराग कश्यप

(स) राम गोपाल वर्मा

(द) शेखर कपूर

3. 'मधुशाला' काव्य के रचयिता हैं :

(अ) निराला

(ब) हरिवंशराय बच्चन

(स) रांगेय राघव

(द) शिवाजी सावंत

4. The highest rank in Indian Army is :

(a) Major-General

(b) Field Marshal

(c) General

(d) Lieutenant General

5. If ROHIT is coded as SPIJU, how will MOHIT be coded :

(a) NPIJU

(b) LNGHS

(c) ZPIJU

(d) KPIJU

6. Anil is the son of Rohit. Seema, Rohit's sister has a son Babloo and a daughter Dolly. Ravan is the maternal uncle of Babloo. What is relationship between Seema and Ravan ?

(a) Uncle

(b) Maternal uncle

(c) Brother

(d) Nephew

4. भारतीय सेना का सर्वोच्च पद है :

(अ) मेजर-जनरल

(ब) फील्ड मार्शल

(स) जनरल

(द) लैफ्टिनेंट जनरल

5. एक कोड भाषा में ROHIT को SPIJU लिखा जा सकता है। इसी कोड में MOHIT को कैसे लिखा जा सकता है ?

(अ) NPIJU

(ब) LNGHS

(स) ZPIJU

(द) KPIJU

6. अनिल, रोहित का पुत्र है। सीमा रोहित की बहन है, सीमा का एक पुत्र बबलू और एक पुत्री डोली है। रावन बबलू का मामा है। सीमा और रावन की रिश्तेदारी किस प्रकार की है ?

(अ) चाचा

(ब) मामा

(स) भाई

(द) भतीजा

7. The number missing in the series 2, 5, 10, 17................ 37, 50, 65 is :

(a) 27

(b) 22

(c) 24

(d) 26

8. Four spellings are given below, only one spelling is correct. Chose the correct one :

(a) Gynaecologist

(b) Gynecologist

(c) Gynaocylogist

(d) Gyneacylogist

**Directions (Q. Nos. 9 and 10) :**

Fill in the blank with appropriate word :

9. A good teacher should..................... responses from the students.

(a) elicit

(b) provoke

(c) command

(d) infer

10. I hope he............................... .

(a) will come

(b) come

(c) must come

(d) came

7. नम्बरों के क्रम 2, 5, 10, 17................ 37, 50, 65 में रिक्त स्थान का अंक है।

(अ) 27

(ब) 22

(स) 24

(द) 26

8. नीचे चार अलग-अलग ढंग से लिखी एक ही शब्द की spelling हैं। इनमें से एक ही सही (त्रुटिरहित) है। उसे चुनिये :

(अ) Gynaecologist

(ब) Gynecologist

(स) Gynaocylogist

(द) Gyneacylogist

**निर्देश (प्र. क्र. 9 तथा 10) :**

सही चयन से रिक्त स्थान भरिए :

9. A good teacher should..................... responses from the students.

(अ) elicit

(ब) provoke

(स) command

(द) infer

10. I hope he............................... .

(अ) will come

(ब) come

(स) must come

(द) came

11. Tick the *incorrect* statement :

(a) Society is abstract

(b) Society is based on interdependence

(c) Society involves both likeness and difference

(d) Society is generally stable

12. Which sociologist considers 'social action' as the subject matter of sociology ?

(a) Herbert Spencer

(b) Max Weber

(c) Emile Durkheim

(d) Karl Marx

13. Which of the following is an example of achieved status ?

(a) Prince of a Kingdom

(b) White American

(c) Captain of National Hockey Team

(d) Born as a girl child

11. **गलत** कथन को चिह्नित कीजिए :

(अ) समाज अमूर्त है

(ब) समाज अन्योन्याश्रितता पर आधारित है

(स) समाज में समानता व असमानता दोनों पायी जाती हैं

(द) समाज सामान्यत: स्थायी होता है

12. कौनसे समाजशास्त्री ने 'सामाजिक क्रिया' को समाजशास्त्र की विषय-वस्तु माना है ?

(अ) हरबर्ट स्पेन्सर

(ब) मैक्स वेबर

(स) इमाईल दुर्खीम

(द) कार्ल मार्क्स

13. निम्न में से कौनसा अर्जित प्रस्थिति का उदाहरण है ?

(अ) राज्य का राजकुमार

(ब) श्वेत अमरीकी

(स) राष्ट्रीय हॉकी टीम का कप्तान

(द) कन्या के रूप में जन्म लेना

14. Which, out of the following, is a means of formal social control ?

(a) Law

(b) Custom

(c) Tradition

(d) Religion

15. Caste is a form of :

(a) Social differentiation

(b) Social stratification

(c) Social process

(d) Social action

16. Aspiration to become a member of a particular group is an attribute of which group ?

(a) In group

(b) Out group

(c) Reference group

(d) Primary group

14. निम्न में से कौनसा औपचारिक सामाजिक नियन्त्रण का माध्यम है ?

(अ) कानून

(ब) प्रथा

(स) परम्परा

(द) धर्म

15. जाति.................................का प्रकार है।

(अ) सामाजिक विभेदीकरण

(ब) सामाजिक स्तरीकरण

(स) सामाजिक प्रक्रिया

(द) सामाजिक क्रिया

16. किसी समूह विशेष की सदस्यता प्राप्त करने की आकांक्षा रखना किस समूह की विशेषता है ?

(अ) अन्तः समूह

(ब) बाह्य समूह

(स) संदर्भ समूह

(द) प्राथमिक समूह

17. Who has classified social norms into 'ideal' and 'statistical' ?

(a) J.R. Landis

(b) R. Merton

(c) K. Davis

(d) W.G. Sumner

18. The process by which individuals learn the culture of their society is known as :

(a) Globalization

(b) Sanskritization

(c) Modernization

(d) Socialization

19. Which of the following is a feature of non-material culture ?

(a) It is concrete

(b) It changes at a slow rate

(c) It is related to the external life of a human being

(d) It is simple in nature

17. सामाजिक प्रतिमानों को किसने 'आदर्श' एवं 'सांख्यिकीय' में वर्गीकृत किया है ?

(अ) जे. आर. लैण्डिस

(ब) आर. मर्टन

(स) के. डेविस

(द) डब्ल्यू. जी. समनर

18. वह प्रक्रिया जिसके द्वारा व्यक्ति अपने समाज की संस्कृति को सीखते हैं, कहलाती है :

(अ) वैश्वीकरण

(ब) संस्कृतिकरण

(स) आधुनिकीकरण

(द) समाजीकरण

19. निम्न में से कौनसी अभौतिक संस्कृति की विशेषता है ?

(अ) यह मूर्त होती है

(ब) यह धीमी गति से परिवर्तित होती है

(स) इसका सम्बन्ध मानव के बाह्य जीवन से होता है

(द) इसकी प्रकृति सरल होती है

20. Who has propounded the 'occupational theory' of origin of caste system ?

(a) Hutton

(b) Nesfield

(c) Senart

(d) Majumdar

21. Out of the following, which is *not* a feature of social class ?

(a) Class consciousness

(b) Achieved status

(c) Endogamy

(d) Life chances

22. What is *not* the importance of 'Dharma' (religion) in Hindu social life ?

(a) Development of virtues

(b) Emotional security

(c) Social control

(d) Pursuit of material goals

20. जाति की व्यवस्था की उत्पत्ति के 'व्यावसायिक सिद्धान्त' को किसने प्रतिपादित किया है ?

(अ) हट्टन

(ब) नेस्फील्ड

(स) सेनार्ट

(द) मजूमदार

21. निम्न में से कौनसी सामाजिक वर्ग की विशेषता **नहीं** है ?

(अ) वर्ग चेतना

(ब) अर्जित प्रस्थित

(स) अन्तर्विवाह

(द) जीवन अवसर

22. हिन्दू सामाजिक जीवन में धर्म का कौनसा महत्व **नहीं** है ?

(अ) सद्गुणों का विकास

(ब) भावात्मक सुरक्षा

(स) सामाजिक नियन्त्रण

(द) भौतिक लक्ष्यों का अनुगमन

23. What is the significance of 'varna system' ?

(a) Purity of blood

(b) Overall development of an individual

(c) Development of human values

(d) Intellectual growth

24. The classification of families into patrilineal and matrilineal is based on :

(a) Authority

(b) Succession

(c) Lineage

(d) Residence

25. Who is the author of 'Social Change in Modern India' ?

(a) M. N. Srinivas

(b) G.S. Ghurye

(c) N.K. Bose

(d) D.P. Mukerjee

23. 'वर्ण व्यवस्था' का क्या महत्त्व है ?

(अ) रक्त की शुद्धता

(ब) व्यक्ति का समुचित विकास

(स) मानवीय गुणों का विकास

(द) बौद्धिक विकास

24. परिवार का पितृवंशीय एवं मातृवंशीय वर्गीकरण ......................पर आधारित है।

(अ) अधिकार

(ब) उत्तराधिकार

(स) वंश

(द) निवास

25. 'आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन' के लेखक कौन हैं ?

(अ) एम. एन. श्रीनिवास

(ब) जी. एस. घुर्ये

(स) एन. के. बोस

(द) डी. पी. मुकर्जी

26. Which of the following is a factor as well as cause of poverty ?

(a) Student unrest

(b) Casteism

(c) Regionalism

(d) Illiteracy

27. What is the cause of violence against women in India ?

(a) Women's Education

(b) Economic dependence on males

(c) Social and political awareness

(d) Restrictions on dowry

28. The marriage of a Brahmin girl with a Vaishya boy is an example of :

(a) Endogamy

(b) Polygamy

(c) Hypogamy

(d) Hypergamy

26. निम्न में से कौनसा निर्धनता का कारक एवं कारण है ?

(अ) छात्र असंतोष

(ब) जातिवाद

(स) क्षेत्रवाद

(द) अशिक्षा

27. भारत में स्त्रियों के विरुद्ध हिंसा का क्या कारण है ?

(अ) स्त्री शिक्षा

(ब) पुरुषों पर आर्थिक निर्भरता

(स) सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना

(द) दहेज पर प्रतिबन्ध

28. एक ब्राह्मण लड़की का वैश्य लड़के से विवाह .............................. का उदाहरण है।

(अ) अन्तर्विवाह

(ब) बहुविवाह

(स) प्रतिलोम विवाह

(द) अनुलोम विवाह

29. Which of the following measures is suitable for eliminating the problem of unemployment in India ?

I : Educational reforms

II : Population control

III : Restrictions on industrialization

IV : Urbanization

(a) Only I

(b) Both I and II

(c) Only III

(d) Both III and IV

30. Who is authorised to displace people for the purpose of development ?

(a) Government

(b) Elite class

(c) Industrialists

(d) Jamindars

29. भारत में बेरोज़गारी की समस्या दूर करने के लिए निम्न में से कौसा उपाय उपयुक्त है ?

I शैक्षणिक सुधार

II जनसंख्या नियंत्रण

III औद्योगीकरण पर प्रतिबन्ध

IV शहरीकरण

(अ) केवल I

(ब) दोनों I व II

(स) केवल III

(द) दोनों III व IV

30. विकास हेतु विस्थापित करने के लिए कौन अधिकृत है ?

(अ) सरकार

(ब) अभिजात वर्ग

(स) उद्योगपति

(द) जमींदार

31. The use of past facts or events to study contemporary society is the basis of which method of social research ?

(a) Functional method

(b) Experimental method

(c) Inductive method

(d) Historical method

32. Goode and Hatt have mentioned how many sources of hypothesis ?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

33. Which of the following is *not* the characteristic of a good hypothesis ?

(a) Clarity

(b) Specificity

(c) Value judgement

(d) Related to body of theory

31. वर्तमान समाज का अध्ययन करने के लिए भूतकाल के तथ्यों या घटनाओं का प्रयोग सामाजिक शोध की कौनसी पद्धति का आधार है ?

(अ) प्रकार्यात्मक पद्धति

(ब) प्रयोगात्मक पद्धति

(स) आगमन पद्धति

(द) ऐतिहासिक पद्धति

32. गुड एवं हॉट ने प्राक्कल्पनाओं के कितने स्रोतों का उल्लेख किया है ?

(अ) 3

(ब) 4

(स) 5

(द) 6

33. निम्न में से कौनसी एक अच्छी प्राक्कल्पना की विशेषता **नहीं** है ?

(अ) स्पष्टता

(ब) विशिष्टता

(स) आदर्शात्मक निर्णय

(द) सिद्धान्त समूह से सम्बद्ध

34. Reports and reference books are examples of :

(a) Secondary data

(b) Statistical data

(c) Primary data

(d) All of the above

35. The advantages of 'stranger value' is/are *not* possible in which observation method ?

(a) Uncontrolled observation

(b) Non-participant method

(c) Controlled observation

(d) Participant observation

36. Which of the following is a quality of a good interviewer ?

(a) Personal bias

(b) Dependence on memory

(c) Objectivity

(d) Impatience

34. रिपोर्ट एवं सन्दर्भ पुस्तकें............... का उदाहरण हैं।

(अ) द्वितीयक तथ्य

(ब) सांख्यिकीय तथ्य

(स) प्राथमिक तथ्य

(द) उपर्युक्त सभी

35. 'अपरिचित मूल्य' के लाभ किस निरीक्षण विधि में सम्भव **नहीं** है ?

(अ) अनियन्त्रित निरीक्षण

(ब) असहभागी निरीक्षण

(स) नियन्त्रित निरीक्षण

(द) सहभागी निरीक्षण

36. एक अच्छे साक्षात्कारकर्ता का निम्न में से कौनसा गुण है ?

(अ) व्यक्तिगत अभिनति

(ब) स्मरण शक्ति पर निर्भरता

(स) वस्तुनिष्ठता

(द) धैर्यहीनता

37. Which of the following techniques serves the purpose of both interview and questionnaire ?

(a) Case study

(b) Schedule

(c) Observation

(d) Content analysis

38. Which technique of research is called as 'social microscope' by Prof. Burgess ?

(a) Case study

(b) Interview

(c) Observation

(d) Questionnaire

39. The quantity obtained by dividing the sum of values of the items in a variable by their number is called................ .

(a) Arithmetic mean

(b) Median

(c) Mode

(d) Percentage

37. निम्न में से कौनसी विधि साक्षात्कार एवं प्रश्नावली दोनों का उद्देश्य पूर्ण करती है ?

(अ) एकल अध्ययन

(ब) अनुसूची

(स) अवलोकन

(द) सामग्री विश्लेषण

38. अनुसंधान की किस विधि को प्रो. बर्गेस ने 'सामाजिक सूक्ष्मदर्शक यन्त्र' कहा है ?

(अ) एकल अध्ययन

(ब) साक्षात्कार

(स) अवलोकन

(द) प्रश्नावली

39. किसी चल (variable) में पदों के मूल्यों के योग को उनकी संख्या से भाग देकर प्राप्त होने वाली मात्रा को.............................कहते हैं।

(अ) समान्तर माध्य

(ब) माध्यिका

(स) बहुलक

(द) प्रतिशत

40. Choose the *incorrect* statement :

(a) Mode depends on frequency

(b) Median is a positional average

(c) All values need not be known in the calculation of Arithmetic mean

(d) Mode can be the smallest value in a series

41. The concept of 'collective consciousness' is the contribution of which sociologist ?

(a) Herbert Spencer

(b) Max Weber

(c) Yogendra Singh

(d) Emile Durkheim

40. **गलत** कथन का चयन कीजिए :

(अ) बहुलक आवृत्ति पर निर्भर है

(ब) माध्यिका एक स्थानीय माध्य है

(स) समान्तर माध्य में सभी पदों की जानकारी की आवश्यकता नहीं होती

(द) बहुलक श्रेणी का सबसे छोटा पद मूल्य हो सकता है

41. 'सामूहिक चेतना' का सिद्धान्त किस समाजशास्त्री का योगदान है ?

(अ) हरबर्ट स्पेन्सर

(ब) मैक्स वेबर

(स) योगेन्द्र सिंह

(द) इमाईल दुर्खीम

42. Legal, traditional and charismatic are types of...................... .

(a) Laws

(b) Authority

(c) Social action

(d) Social control

43. Who has propounded the theory of 'surplus value' ?

(a) George Simmel

(b) Max Weber

(c) Karl Marx

(d) Amartya Sen

44. Which tribe was studied by Durkheim to explain the elementary form of religion ?

(a) Arunta

(b) Bhil

(c) Garo

(d) Red Indian

42. वैधानिक, परम्परात्मक एवं चमत्कारिक ......................के प्रकार हैं।

(अ) कानून

(ब) सत्ता

(स) सामाजिक क्रिया

(द) सामाजिक नियन्त्रण

43. 'अतिरिक्त मूल्य' का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है ?

(अ) जॉर्ज सिमेल

(ब) मैक्स वेबर

(स) कार्ल मार्क्स

(द) अमर्त्य सेन

44. दुर्खीम ने धर्म के प्रारम्भिक स्वरूप को समझाने के लिए किस जनजाति का अध्ययन किया था ?

(अ) अरुण्टा

(ब) भील

(स) गारो

(द) रेड इण्डियन

45. Which laws are dominant in modern, complex and developed societies ?

(a) Repressive laws

(b) Organic laws

(c) Regressive laws

(d) Restitutive laws

46. Which of the following statements is *false* in the context to Weber ?

(a) Weber has laid emphasis on understanding of social events on the basis of cause-effect relationships

(b) Weber laid emphasis on development of 'Ideal Type' for understanding social events

(c) Weberian sociology is also called as 'Interpretative sociology'

(d) According to Weber, religion is a capitalistic play to maintain injustice and oppression in society

45. आधुनिक, जटिल एवं विकसित समाजों में कौनसे कानूनों की प्रधानता है ?

(अ) दमनकारी कानून

(ब) सावयवी कानून

(स) प्रतिगामी कानून

(द) प्रतिकारी कानून

46. निम्न में से कौनसा कथन वेबर के संदर्भ में **असत्य** है ?

(अ) वेबर ने सामाजिक घटनाओं को समझने के लिए कार्य-कारण सम्बन्धों पर जोर दिया है

(ब) वेबर ने सामाजिक घटनाओं को समझने के लिए 'आदर्श-प्रारूप' के निर्माण पर जोर दिया है

(स) वेबर के समाजशास्त्र को 'निर्वचनात्मक समाजशास्त्र' भी कहते हैं

(द) वेबर के अनुसार धर्म, अन्याय तथा शोषण को समाज में स्थायी रखने का पूँजीवादी तरीका है

47. Which of the following is a major contribution of R. K. Mukerjee ?

(a) Dialectics of Tradition

(b) Sociology of Values

(c) Concept of Authority

(d) Concept of social facts

48. Which Indian sociologist has presented a Marxian Interpretation of History ?

(a) G. S. Ghurye

(b) M. N. Srinivas

(c) D.P. Mukerjee

(d) R.K. Mukerjee

49. Which of the following concepts was borrowed by Marx from Hegel ?

(a) Dialecticism

(b) Alienation

(c) Socialism

(d) Surplus value

47. निम्न में से आर. के. मुकर्जी का विशेष योगदान कौनसा है ?

(अ) परम्पराओं का द्वन्द्व

(ब) मूल्यों का समाजशास्त्र

(स) सत्ता की अवधारणा

(द) सामाजिक तथ्यों की अवधारणा

48. किस भारतीय समाजशास्त्री ने इतिहास की मार्क्सवादी व्याख्या प्रस्तुत की है ?

(अ) जी. एस. घुर्ये

(ब) एम. एन. श्रीनिवास

(स) डी. पी. मुकर्जी

(द) आर. के मुकर्जी

49. मार्क्स ने निम्न में से कौनसा सिद्धान्त हीगल से ग्रहण किया था ?

(अ) द्वन्द्ववाद

(ब) अलगाव

(स) साम्यवाद

(द) अतिरिक्त मूल्य

50. Which of the following laws of values has *not* been laid down by R. K. Mukerjee ?

(a) Human motivations change into values

(b) New values are born when the old values are met with

(c) No hierarchy is found in values

(d) Different values interact with each other

51. Who has written the book, 'Rural Sociology in India' ?

(a) J. B. Chitambar

(b) A. S. Altekar

(c) K. L. Sharma

(d) A. R. Desai

50. आर. के. मुकर्जी ने निम्न में से कौनसे मूल्यों के नियम का उल्लेख **नहीं** किया है ?

(अ) मानवीय प्रेरणाएँ मूल्यों में परिवर्तित हो जाती हैं

(ब) पुराने मूल्यों की संतुष्टि होने पर नए मूल्यों का जन्म होता है

(स) मूल्यों में संस्तरण नहीं पाया जाता है

(द) विभिन्न मूल्यों की परस्पर अन्त:क्रिया होती है

51. 'रूरल सोशियोलॉजी इन इण्डिया' नामक पुस्तक किसने लिखी है ?

(अ) जे. बी. चिताम्बर

(ब) ए. एस. अल्तेकर

(स) के. एल. शर्मा

(द) ए. आर. देसाई

52. Tick the characteristic of joint family :

(a) Democratic nature

(b) Co-operative system

(c) Heterogeneity

(d) Mobility

53. Out of the following, which sociologist has *not* studied the changes in joint family in India ?

(a) R. K. Mukerjee

(b) M. S. Gore

(c) K. M. Kapadia

(d) I. P. Desai

52. संयुक्त परिवार के लक्षण को चिह्नित कीजिए :

(अ) प्रजातंत्रीय प्रकृति

(ब) सहयोगी व्यवस्था

(स) विषमरूपता

(द) गतिशीलता

53. निम्न में किस समाजशास्त्री ने भारत में संयुक्त परिवार में परिवर्तन का अध्ययन **नहीं** किया है ?

(अ) आर. के. मुकर्जी

(ब) एम. एस. गोरे

(स) के. एम. कपाड़िया

(द) आई. पी. देसाई

54. What is the feature of Indian Rural Community ?

(a) Less specialization

(b) Social heterogeneity

(c) Formal control

(d) Rational attitude

55. The carriers of little tradition are :

(a) Elite class

(b) Documents

(c) Folk artists

(d) All of the above

56. Which Act gives special powers to women in Panchayati Raj ?

(a) 74th Constitutional Amendment Act

(b) 64th Constitutional Amendment Act

(c) 65th Constitutional Amendment Act

(d) 73rd Constitutional Amendment Act

54. भारतीय ग्रामीण समुदाय की विशेषता क्या है ?

(अ) निम्न विशेषीकरण

(ब) सामाजिक विषमरूपता

(स) औपचारिक नियन्त्रण

(द) तार्किक अभिवृत्ति

55. लघु परम्परा के वाहक हैं :

(अ) अभिजात वर्ग

(ब) प्रलेख

(स) लोक कलाकार

(द) उपर्युक्त सभी

56. पंचायती राज में महिलाओं को किस अधिनियम के अन्तर्गत विशेष अधिकार प्राप्त हुए हैं ?

(अ) 74वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम

(ब) 64वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम

(स) 65वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम

(द) 73वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम

57. Which of the following is an associative social process ?

(a) Competition

(b) Assimilation

(c) Conflict

(d) Opposition

58. Panchayati Raj System is based on.............................. .

(a) Centralization of power

(b) Decentralization of power

(c) Caste empowerment

(d) Social stratification

59. Who is called as the father of "Green Revolution in India" ?

(a) M. S. Swaminathan

(b) P. Chidambram

(c) M. N. Srinivas

(d) Man Mohan Singh

57. निम्न में से सहयोगी सामाजिक प्रक्रिया कौनसी है ?

(अ) प्रतियोगिता

(ब) सात्मीकरण

(स) संघर्ष

(द) विरोध

58. पंचायती राज व्यवस्था.............................पर आधारित है।

(अ) सत्ता के केन्द्रीकरण

(ब) सत्ता के विकेन्द्रीकरण

(स) जाति सशक्तिकरण

(द) सामाजिक स्तरीकरण

59. ''भारत में हरित क्रान्ति'' के जनक कौन कहलाते हैं ?

(अ) एम. एस. स्वामीनाथन

(ब) पी. चिदम्बरम

(स) एम. एन. श्रीनिवास

(द) मनमोहन सिंह

60. The consequence(s) of globalization is/are :

(a) Feminisation of agriculture

(b) Rural Emigration

(c) Breakdown of Traditional Small Scale Industries

(d) All of the above

61. Which poverty elimination programme aims to provide self employment to educated youth ?

(a) IRDP

(b) JGSY

(c) TRYSEM

(d) JNURM

62. Who has defined culture as the man-made part of the environment ?

(a) E. B. Tylor

(b) R. Piddington

(c) M. J. Herskovits

(d) R. Redfield

60. वैश्वीकरण का/के परिणाम है/हैं :

(अ) कृषि का स्त्रीकरण

(ब) ग्रामीण उत्प्रवासन

(स) परम्परागत लघु उद्योगों का ह्रास

(द) उपर्युक्त सभी

61. किस गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षित बेरोज़गार युवकों को स्वरोज़गार प्राप्त कराना है ?

(अ) आई. आर. डी. पी.

(ब) जे. जी. एस. वाई.

(स) टी. आर. वाई. एस. ई. एम. (ट्राईसेम)

(द) जे. एन. यू. आर. एम.

62. संस्कृति को किसने 'पर्यावरण के मानव-निर्मित भाग' के रूप में परिभाषित किया है ?

(अ) ई. बी. टायलर

(ब) आर. पिडिंगटन

(स) एम. जे. हर्सकोविट्ज

(द) आर. रेडफील्ड

63. How many types of Primary kins are there according to Murdock ?

(a) 8

(b) 5

(c) 33

(d) 51

64. Which is the feature of an institution ?

(a) It is relatively stable

(b) It is established

(c) It lays emphasis on individual interest/welfare

(d) It comprises of some formal written laws

63. मुरडॉक के अनुसार प्राथमिक सम्बन्धी कितने प्रकार के होते हैं ?

(अ) 8

(ब) 5

(स) 33

(द) 51

64. संस्था की कौनसी विशेषता है ?

(अ) यह अपेक्षाकृत स्थायी होती है

(ब) यह स्थापित की जाती है

(स) यह व्यक्तिगत हित/कल्याण पर जोर देती है

(द) इसके कुछ औपचारिक लिखित नियम होते हैं

65. Out of the following statements, which statement expresses the true strength of Indian culture ?

(a) India is a land of unity in diversity

(b) Caste system is one of the pillars of Indian social system

(c) Indian culture aims at material development of man

(d) Indian culture exhibits religious fundamentalism

66. The main basis of class stratification is :

(a) Birth

(b) Age

(c) Sex

(d) Education

67. Tick the *correct* statement :

(a) Hindu marriage is a contract

(b) Class cannot be changed

(c) Caste is an endogamous group

(d) Muslim marriage is a sacrament

65. निम्न कथनों में से कौनसा कथन भारतीय संस्कृति की वास्तविक शक्ति को व्यक्त करता है ?

(अ) भारत विविधता में एकता की भूमि है

(ब) जाति प्रथा भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक स्तम्भ है

(स) भारतीय संस्कृति का उद्देश्य व्यक्ति का भौतिक विकास है

(द) भारतीय संस्कृति धार्मिक कट्टरता को दर्शाती है

66. वर्ग स्तरीकरण का मुख्य आधार है :

(अ) जन्म

(ब) आयु

(स) लिंग

(द) शिक्षा

67. **सही** कथन को चिह्नित कीजिए :

(अ) हिन्दू विवाह एक समझौता है

(ब) वर्ग बदला नहीं जा सकता

(स) जाति एक अन्तर्विवाही समूह है

(द) मुस्लिम विवाह एक संस्कार है

68. What is the main aim of Planned Change ?

(a) Promotion of religion

(b) Social reconstruction

(c) Caste empowerment

(d) Materialism

68. नियोजित परिवर्तन का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

(अ) धार्मिक प्रसार

(ब) सामाजिक पुनर्निर्माण

(स) जाति सशक्तिकरण

(द) भौतिकवाद

69. Who was the first President of 'Indian Sociological Society' ?

(a) D.P. Mukerjee

(b) Yogesh Atal

(c) S.C. Dube

(d) G.S. Ghurye

69. 'इण्डियन सोशियोजिकल सोसायटी' के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(अ) डी. पी. मुकर्जी

(ब) योगेश अटल

(स) एस. सी. दुबे

(द) जी. एस. घुर्ये

70. Which of the following is an urban formal social organisation ?

(a) Municipal corporation

(b) Gram Panchayat

(c) Gram Sabha

(d) Panchayat Samiti

70. निम्न में से नगरीय औपचारिक सामाजिक संगठन कौनसा है ?

(अ) नगर निगम

(ब) ग्राम पंचायत

(स) ग्राम सभा

(द) पंचायत समिति

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**